महोबा पुलिस

दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 955/26

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 31.10.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



महोबा पुलिस

दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 956/26

लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती पर महोबा पुलिस ने मनाया राष्ट्रीय एकता दिवस, पुष्पांजलि अर्पित कर दिलाई एकता एवं अखण्डता की शपथ, आयोजित हुई 'रन फॉर यूनिटी'

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता के प्रतीक, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर जनपद महोबा में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में क्षेत्राधिकारी कार्यालय एवं क्षेत्राधिकारी अपराध द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। तत्पश्चात उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देशवासियों के मध्य आपसी सद्भाव, सौहार्द एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का स्मरण करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान, दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता एवं कुशल नेतृत्व क्षमता पर प्रकाश डाला गया। देश की विभिन्न रियासतों का एकीकरण कर अखण्ड भारत के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका को नमन करते हुए उनके आदर्शों एवं विचारों को आत्मसात करने का संदेश दिया गया।

इसी क्रम में पुलिस लाइन महोबा में 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गौड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर एकता की दौड़ को रवाना किया गया। यह दौड़ पुलिस लाइन महोबा से छतरपुर रोड स्थित पुलिस लाइन तिराहे तक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षियों एवं आमजनमानस ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रतिभागियों ने दौड़ के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, आपसी सद्भाव एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जनपद महोबा के समस्त थानों पर भी सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा बनाए रखने तथा देशवासियों के मध्य एकता, सद्भाव एवं भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने की शपथ दिलाई गई।

महोबा पुलिस द्वारा इन कार्यक्रमों के माध्यम से लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण करते हुए राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।



महोबा पुलिस

दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 957/26

उ0प्र0 पुलिस में सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

- उ0प्र0 पुलिस में अपनी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में आज दिनांक 31.10.2026 को क्षेत्राधिकारी लाइन/नगर श्री रविकांत गोंड द्वारा पुलिस लाइन में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- इस दौरान उ0प्र0 पुलिस सेवा से ऐच्छिक रूप से सेवानिवृत्त होने वाले उ0नि0 श्री वीर प्रताप सिंह को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस सेवा के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को स्मरण करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मी-

1. उपनिरीक्षक श्री वीर प्रताप सिंह (पुलिस लाइन महोबा)

- उक्त विदाई समारोह के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रविन्द्र मलिक, निरीक्षक श्री मनीष कुमार पाण्डेय, प्रधान लिपिक श्रीमती मनोरमा पाण्डेय सहित जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे। सभी के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई।



महोबा पुलिस

दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 958/26

सर्किल नगर, थाना कोतवाली नगर महोबा।

थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने मुकदमें से संबंधित 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गयी व0उ0नि0 दिनेश तिवारी मय हमराह कां. आमिर खान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने केश न0 2497/19 धारा 307/504/506 भादवि से सम्बन्धित वारंटी बलवान पुत्र नाथपाल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर महोबा को ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी वारंटी अभियुक्त बलवान उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरणः-

बलवान पुत्र नाथपाल निवासी ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर महोबा उम्र 26 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान –

ग्राम छिकहरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. वरि0उ0नि0 दिनेश तिवारी थाना कोतवाली नगर महोबा जनपद महोबा
2. का0 आमिर खान थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा



दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 959/26

महोबा पुलिस

सर्किल चरखारी, थाना चरखारी

थाना चरखारी पुलिस टीम द्वारा

एक नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 31.10.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के नेतृत्व में थाना चरखारी पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थानाध्यक्ष चरखारी श्री राहुल मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 हार्दिक सिंह मय हमराह कां0 लोकेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र फूलचन्द्र अहिरवार उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 289/2012 धारा 279/337/338 भादवि0 में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को सूपा चौराहा थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त -

जितेन्द्र उर्फ जीतू पुत्र फूलचन्द्र अहिरवार उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम धवर्रा थाना अजनर जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -

1.उ0नि0 हार्दिक सिंह

2.कां0 लोकेन्द्र सिंह



महोबा पुलिस

दिनांक- 31.10.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 961/26

डायल-112 की त्वरित कार्रवाई से तीन लापता मासूम बच्चों को मिला सुरक्षा का सहारा, सकुशल बरामदगी से परिजनों ने महोबा पुलिस का किया धन्यवाद।

जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपदवासियों को उपलब्ध कराई जा रही त्वरित आपातकालीन पुलिस सहायता के क्रम में दिनांक 30.10.2026 को थाना श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सलारपुर में तीन मासूम बच्चों के लापता होने की सूचना पर डायल-112 की पीआरवी-7336 द्वारा त्वरित सक्रियता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तीनों बच्चों को सकुशल तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

प्राप्त सूचना के अनुसार ग्राम सलारपुर निवासी तीन बच्चे क्रमशः 1.दीप्ति उम्र 08 वर्ष, 2.साजन उम्र 05 वर्ष एवं 3.पूर्ति उम्र 05 वर्ष दिनांक 30.10.2026 की सायं करीब 05-06 बजे घर से मूंगफली के खेत की ओर चले गए थे, लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी वापस नहीं लौटे। परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा काफी तलाश किए जाने के बावजूद बच्चों का कोई पता नहीं चलने पर डायल-112 पर सूचना दी गई।

सूचना प्राप्त होते ही पीआरवी-7336 तत्काल मौके पर पहुंची और बिना समय गंवाए आसपास के संभावित स्थानों पर बच्चों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम द्वारा तत्परता, सजगता एवं प्रभावी समन्वय के साथ की गई खोजबीन के परिणामस्वरूप रात्रि करीब 23:00 बजे घर से लगभग 300 मीटर दूर स्थित एक मंदिर में तीनों बच्चे सोते हुए सकुशल मिल गए।

पुलिसकर्मियों द्वारा बच्चों से बातचीत कर उनका कुशलक्षेम जाना गया। तीनों बच्चे पूर्णतः स्वस्थ एवं सुरक्षित पाए गए, जिन्हें सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बच्चों के सकुशल मिलने से परिजनों एवं ग्रामीणों ने राहत की सांस ली तथा पुलिस की त्वरित सहायता एवं संवेदनशील कार्यशैली की सराहना की।

महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, सहायता एवं सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। आपातकालीन परिस्थिति में तत्काल डायल-112 पर सूचना दें।

पुलिस टीम का विवरण -

1.कमाण्डर कां0 समीम खान

2.चालक कां0 सुरजीत

